# Newspaper Clips
## June 5, 2012

**Times of India , ND**
**5/06/2012** P-11

# IIT alumni seek PM, LK support against joint test

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** An IIT alumni body plans to meet Prime Minister Manmohan Singh and BJP leader L K Advani in the hope of raising support against the HRD ministry's decision to introduce a common entrance test (CET) for centrally-funded engineering institutions like IITs.

The alumni have formed a group, 'IITians for IIT autonomy', and will be moving court soon to demand that the exam be postponed from 2013 to 2014. IIT Delhi alumni president Somnath Bharti said that worried parents and students had inundated them with calls. "We already have the support of over 50 parents and students and we will be helping them file a separate PIL," Bharti said. The opposition comes at a time when the HRD ministry will discuss the issue of the common entrance test with states on Tuesday. A Central Advisory Board of Education (CABE) meeting is scheduled for Wednesday. The support or lack of it to the ministry's decision in these two meetings will be crucial.

HRD minister Kapil Sibal had last week announced the new formula for the common test for IITs, NITs and IIITs. He had added that three states — Haryana, Gujarat and Maharashtra — had already agreed to implement the common test in their states.

Under the new plan, all aspirants will have to appear for two exams — JEE main and JEE advanced — to be held on the same day. The aspirant's set of scores will decide whether s/he will be eligible for admission to the premier Indian Institutes of Technology (IIT), centrally-funded institutions like NIITs or IIITs or state-funded institutions.

For admission to IITs, students will be shortlisted on the basis of their cumulative score for class XII and the main test (50% weightage each). Class XII marks will be standardized on percentile basis by a formula worked out by the Indian Statistical Institute (ISI).

## Sibal refuses to comment on JEE

Union HRD minister Kapil Sibal refused to be drawn into a debate over his ministry's move to hold a combined entrance test for admissions to IITs. In Mumbai, he told reporters "everyone has the right to go to court". Sibal's remark comes amid growing resentment on IIT campuses across the country to JEE reforms. TNN

COMMON ENGG TEST RUNS INTO ROUGH WEATHER

# At loggerheads with Sibal, IITs take their fight to PM

## Faculty says HRD Ministry trying to undermine autonomy of IITs

ADITI TANDON/TNS

NEW DELHI, JUNE 4

The IITs today took their tussle with the HRD Minister Kapil Sibal over the common engineering entrance test to Prime Minister Manmohan Singh's doorstep.

The IIT faculty wants the test - to be conducted from 2013 for admission to all centrally funded technical institutes in India - advanced to 2014 apart from the freedom to determine its structure and schedule.

HRD Minister Kapil Sibal had on May 28 announced that the test would commence in 2013 and both its components (Main and Advanced) would be multiple-choice question based instead of subjective as the IIT faculty had wanted. Sibal's announcement came after the IIT Council met on May 28 and took the decision overruling the majority views of IIT Senates (faculty bodies).

**IITs' STAND**



- Most IITs want new test to start from 2014. In 2013, JEE, AIEEE should continue
- IIT senates should be allowed to study IIT Council decisions. If faculty is unable to accept these, their autonomy should be respected
- Details of JEE Advance Test (format, duration, schedule) be finalised by the IITs
- Only the performance in advance test will form basis for admitting students to IITs
- School board performance weightage not to exceed 40% at any stage

Nowhere to go, the All India IIT Faculty Federation has now petitioned the Prime Minister, asking him to protect the autonomy of IITs. In a letter seeking an audience, federation president K Narasimhan and secretary Atul Mittal have warned the PM of "serious consequences if IIT autonomy is compromised".

The federation has referred to how the IIT Council chaired by HRD Minister overruled the majority opinion of institute faculty. "The IIT Act, 1961 says that in academic matters, IIT Senates will be solely responsible. We presented our views to HRD Ministry but these were overruled by the IIT Council which HRD Minister chairs. We want your intervention to protect our autonomy," the federation said.

The faculty recalled in their letter the vision that led to the establishment of IITs. "IITs were conceived as truly autonomous institutions and our autonomy is the legacy of Nehruvian era. If it gets compromised, there will be serious long term repercussions," the federation said to PM.

Meanwhile, IIT Senates have decided to meet again to take a formal view on the IIT Council decision. IIT Delhi Senate will meet on Wednesday and said the option of going to court was open.

As for Sibal, he had, in his meeting with the Federation representatives ahead of IIT Council's May 28 meeting, said there was no scope of negotiations on the decision to hold the test in 2013. As reported by The Tribune, Sibal had told the faculty that IIT Council could "overrule their majority view".

Excepting IIT Guwahati and IIT Madras, other IITs - Delhi, Bombay, Kharagpur, Roorkee and Kanpur - voted to advance the test to 2014 and wanted it to be a screening test with IITs free to design an advanced subjective type test for final admissions.

IIT Council has decided that IITs would screen 50,000 students from main component of the proposed JEE by factoring in 50% scores each of school board and the main test. Advanced component of JEE would be designed by IITs and would be the admission test for them. It would not factor in school exam scores.

IIT JEE REFORMS

# Parents write to state edu minister against reforms

**Bhavya Dore**
bhavya.dore@hindustantimes.com

**MUMBAI:** A group of 50 parents from the city have written to the state education minister opposing the reforms to the Joint Entrance Exam (JEE) from next year. They say the reforms have come too soon and that students appearing for the exam in 2013 will not have enough time to reorient themselves.

The human resources development ministry had announced last week that the JEE would be a two-step procedure with a first level screening test for Class 12 board marks and an advanced test to determine the JEE merit list. Education ministers from across the country will head to Delhi on Tuesday for a meeting organised by the HRD ministry.

The parents' letter argues that students have been preparing since 2011. "The students' efforts during the last year or two will go waste," stated the letter.

The letter has pointed out the flaws in the percentile system for comparing marks across boards and the logistical issues involved in a single common entrance exam. IIT alumni have already said they plan to move the court on the matter.

"Our children started preparing as early as Class 10," said a parent. "For any change, enough time should be given beforehand. This is very unjust."

The parents had approached the non-profit group Forum For Fairness in Education for its help on Sunday. "We support the alumni's decision and will decide whether we will go to court ourselves," said Jayant Jain, president of the Forum.



GAUTAM BARUA

# The correct answer

## Reforms in IIT entrance exam make schools central to the learning process

THE reforms in the entrance examination for the IITs are welcome because they introduce board marks as a meaningful input in the selection process. For years, the IIT-JEE system has been considering how to factor in board results. The first step, taken in 2006, was to require students to get at least 60 per cent in board exams, but this had little impact, since in this age of marks inflation it was a very low cut-off. Attempts to increase the cut-off to 80 per cent in 2009 met with stiff resistance and had to be abandoned.

All these years, the school system has been neglected by bright students who are sent away to coaching institutes. As a result, schooling has suffered. The reform is a small step towards making the school system central to a student's learning experience.

For years, I have seen a tussle between coaching institutes and the IIT faculty that sets the question papers for the JEE. Most of the time, the coaching institutes have come out on top in these tussles. This is not surprising as the members of the IIT faculty who set the question papers have no experience teaching in schools and so papers tend to get tougher every year. Errors in questions have also become common.

I support the reforms because I have found the IIT-JEE system slow to respond to changes because of the way the organisation of the JEE shifts from one IIT to another every year. After the All India Engineering Entrance Examination (AIEEE) was introduced in 2002, the IIT system was following the AIEEE's innovations. Online application, multiple rounds of admissions and online counselling are some of the features that the IIT system adopted from the AIEEE. Further, the increase in the number of students had stretched the IIT system, which was finding it difficult to handle the growing size.

Also, in the new format, allocations of seats for the NITs and the IITs will be done together. This is a good step because many seats in the IITs remain vacant as students opt for a branch of their choice in an NIT, giving up the IIT seat they had got in a branch and an institute low in their priority. After the IITs introduced multiple rounds of admissions, the seat allocation for NITs too was affected when students got IIT seats in later rounds of allocation. A common examination also sends a message to society that an NIT education is as valuable as an IIT education. It can only help the brand name of NITs and this in turn will help ease the pressure on IIT admissions.

**The distrust of the school boards system shown by a section of the IIT faculty and alumni has no firm basis.**

As an IITian and an IIT director, I am confident of the quality of the IIT system, and am not afraid of any dilution of standards of incoming students. Bright students will continue to enter the IITs even after these reforms. I confess that I am unable to judge what the "best" method for admissions is as there are many factors at play, some in contradiction with others.

Can the specific changes be justified? First of all, the IITs have a different examination format from the NITs due to the opposition the original proposal faced from a section of IIT faculty and alumni. The NITs will now be following the original proposal and will include board marks in the final ranking process. The IITs, on the other hand, will use board marks only in screening students. The distrust of the school boards system shown by a section of the IIT faculty and alumni has no firm basis, and the objections have been mainly anecdotal.

The method of normalisation of board marks has not been understood by many. It equates the rank a student gets in her board to the rank another gets in his board (the ranks are moderated by the sizes of the boards). With ranks based on marking out of 100, the difference between someone who comes first and one who is ranked 6,000 in, say, the CBSE, is only about two marks. A 40 per cent weightage means an advantage of just 0.8 marks. The lower-ranked student has an excellent chance of making up this deficit in the Mains and Advanced exams. At the same time, every student will strive to get as high a rank as possible, because every fraction will be significant in deciding the institute and the branch a student gets. Therefore, the scheme ensures that everyone tries to do their best in the boards, but those who falter live to fight another day. Students do not have to be unduly worried. They have to do reasonably well in their boards, and the Mains and Advanced tests are essentially the erstwhile AIEEE and IIT-JEE examinations. The only difference now is that the syllabus will be the same for both the tests.

What will be the impact on coaching? In the short term, coaching institutes are likely to make a killing as they will sell tuition for boards, Mains and Advanced. Hopefully, in the medium and long term, all coaching will happen in one place — in the school where a student is enrolled. Whether coaching institutes tie up with schools or get licences to become schools does not matter. Schools will be where all the learning will take place.

*The writer is director, IIT Guwahati*
express@expressindia.com

# INDIAN EXPRESS ND 5/06/2012

p-3

## DIVIDED HOUSE

THE IIT alumni are quite offended at the idea of changing the entrance exams for the IITs. A few alumni associations have decided to petition the courts against the move to introduce a common entrance examination for all the engineering colleges. However, they are finding themselves up against another set of IIT alumni, serving within the government, who happen to be pushing for the introduction of the new system. One of them is V Umashankar — private secretary to HRD Minister Kapil Sibal — a Haryana cadre IAS officer who has an IIT background. CBSE chairman Vineet Joshi is another. An alumnus of IIT Kanpur, Joshi is a supporter of the move to give weightage to school marks in IIT entrance. However, there is one whose heart lies on the other side of the fence. Apurva Chandra, a joint secretary in the HRD Ministry, is BTech and MTech from IIT Delhi and is no fan of the new entrance format. At a recent meeting of school boards, Chandra is learnt to have expressed his doubts over the move to give weightage to school marks but apparently has been won over by Joshi's arguments.

**सवाल-जवाब** सोमनाथ भारती, अध्यक्ष आईआईटी अल्युमनाई एसोसिएशन

# 'कपिल सिब्बल ने वादा नहीं निभाया'

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संचालित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (आईआईटी-जेईई) के नए प्रारूप से कई लोग नाखुश हैं। आईआईटी दिल्ली अल्युमनाई एसोसिएशन ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) को अदालत में चुनौती देने की धमकी दी है। संगठन के अध्यक्ष और उच्चतम न्यायालय के वकील **सोमनाथ भारती** ने **दिशा कंवर** को बातचीत में बताया कि आईआईटी से जुड़े लोगों के साथ बड़ा धोखा हुआ है



**आप आईआईटी-जेईई में हुए बदलावों से खुश क्यों नहीं हैं?**

प्रौद्योगिकी संस्थान कानून (जिसे आईटी कानून माना जाता है) में जिक्र की गई विस्तृत प्रक्रिया और अधिनियम के जरिये ही आईआईटी में छात्रों की नामांकन प्रक्रिया में बदलाव किया जा सकता है। इसमें आईआईटी की सीनेट द्वारा लाए गए अध्यादेश को अनिवार्य मानते हुए उसमें नामांकन प्रक्रिया का पूरा ब्योरा दिया गया है, जिन विकल्पों को स्नातक पाठ्यक्रमों में बच्चों के नामांकन के लिए चुना जा सकता है। एमएचआरडी ने जो कदम उठाया है वह आईआईटी की स्वायत्तता पर हमला करने के माफिक है। एक बार अगर आईआईटी की स्वायत्तता के साथ समझौता किया गया तो इससे इस संस्थान के कद को नुकसान पहुंचेगा। हमने इस पर आपत्ति जताई है। नामांकन प्रक्रिया के प्रस्तावित बदलावों में भी खामियां हैं जिससे आईआईटी में नामांकन के लिए आने वाले छात्रों की गुणवत्ता भी प्रभावित होगी। ऐसे में पूरी दुनिया में आईआईटी ब्रांड की छवि पर भी गहरा असर पड़ सकता है क्योंकि यहां के छात्रों की गुणवत्ता बेहतर नहीं रह पाएगी।

**आपका संगठन कैसे बदलाव चाहता है?**

आईआईटी के अकादमिक मामलों में हम स्वायत्तता चाहते हैं और नामांकन प्रक्रिया को लेकर एमएचआरडी के एकपक्षीय फैसले ने इसका उल्लंघन किया है। हम चाहते हैं कि हमारे सीनेट को आईआईटी की नामांकन प्रक्रिया के प्रारूप पर फैसला करने की पूरी स्वतंत्रता मिले।

**सरकार के इस फैसले से पहले क्या आपके संगठन ने प्रवेश परीक्षा में बदलाव की बाबत अपनी आवाज उठाई थी?**

आईआईटी दिल्ली अल्युमनाई एसोसिएशन की सालाना इवेंट 'लीडरशिप कॉन्क्लेव' इस साल 15 अप्रैल को आयोजित हुई थी। उसमें आईआईटी को मिल रही चुनौतियों पर चिंता जताई गई। इस कार्यक्रम में आईआईटी में नामांकन प्रक्रिया को लेकर एमएचआरडी के साथ जारी विचार-विमर्श को आईआईटी की स्वायत्तता के नजरिये से देखने की बात भी कही गई। नतीजतन हमने सरकार की प्रस्तावित योजना पर अपना सुझाव भेजा और 24 मई को कपिल सिब्बल से बातचीत कर अपनी चिंता भी जताई। सिब्बल ने कहा कि अगर मतभेद की स्थिति बनती है तो सरकार प्रस्तावित संयुक्त प्रवेश परीक्षा या किसी बदलाव पर कदम नहीं उठाएगी। लेकिन उन्होंने अपना वादा नहीं निभाया।

**आपने कहा कि सरकार आईआईटी अधिनियम, 1961 को चुनौती दे रही है, आखिर कैसे?**

आईटी कानून के अनुच्छेद 15,28 तथा 29 और अधिनियम का उपबंध 4(2) हरेक आईआईटी के सीनेट को अधिकार देता कि वे आईआईटी संस्थानों में छात्रों के नामांकन की प्रक्रिया के तरीकों पर फैसला करें। आईआईटी परिषद् को जो भूमिका दी गई है वह अनुच्छेद 33(2) (ए) के मुताबिक परामर्शदाता की है। एमएचआरडी ने इस बात का ख्याल नहीं रखा कि आईआईटी सीनेट को क्या आपत्ति है। कानूनी रूप से आईआईटी को जो स्वायत्तता मिली है उसका गंभीर उल्लंघन हुआ है। आपको यह गौर करना होगा कि आईआईटी काउंसिल में आईआईटी निदेशकों की संख्या कम ही होती है।

**क्या कानूनी कदम ही एकमात्र विकल्प है?**

आईआईटी से जुड़े लोग इस बात से खफा हैं क्योंकि एमएचआरडी मंत्री ने हमसे वादा किया था कि मतभेद की स्थिति में वे प्रस्तावित योजना पर काम नहीं करेंगे लेकिन इसके बावजूद उन्होंने फैसला कर लिया। विचार-विमर्श के बाद हमने इस हालात से निबटने के लिए तीन तरीके अपनाने का फैसला किया है। आईटी कानून के प्रावधानों, संबंद्ध अधिनियम और अध्यादेश के मुताबिक सीनेट की आपत्ति के साथ सवाल खड़े किए जा सकते हैं। आईआईटी अल्युमनाई प्रधानमंत्री से आईआईटी की स्वायत्तता के मसले पर हस्तक्षेप का आग्रह करने के लिए मुलाकात कर सकता है और इस मसले से निबटने के लिए अदालत में सार्वजनिक याचिका दायर की जा सकती है।

**आखिर आप 2014 तक प्रवेश परीक्षा में यथास्थिति क्यों बनाए रखना चाहते हैं? इतने वक्त में क्या हासिल होगा?**

हम 2014 तक यथास्थिति बनाए रखना चाहते हैं ताकि आईआईटी सीनेट को इस मसले पर विचार करने और फैसला करने के लिए पर्याप्त समय मिले क्योंकि आईआईटी उत्कृष्ट शिक्षा मुहैया कराने वाला संस्थान है।

**क्या इस याचिका में आईआईटी फैकल्टी फेडरेशन एक पार्टी होगी?**

प्रस्तावित याचिका बहुपक्षीय हो सकती है। मुझसे प्रभावित छात्रों, उनके अभिभावकों ने संपर्क किया है जो आईआईटी अल्युमनाई द्वारा तय की गई याचिका के अलावा अन्य याचिका दाखिल करेंगे।

**आखिर आप प्रवेश परीक्षा में किस तरह के बदलाव चाहते हैं? आपके मुताबिक नए प्रस्ताव में कैसी खामियां हैं?**

हम प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा के प्रारूप में बदलाव नहीं बल्कि उसे खत्म करने की मांग कर रहे हैं। सरकार का दावा है कि वे इस प्रारूप के जरिये कई प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के दबाव को खत्म कर रहे हैं (हालांकि मौजूदा समय में यह जेईई और एआईईईई) के लिए है। इससे छात्र अब स्कूल बोर्ड की परीक्षाओं पर भी ध्यान देंगे और कोचिंग संस्थानों पर उनकी निर्भरता कम होगी। लेकिन आईआईटी, एनआईटी और आईआईआईटी जैसे संस्थानों की प्रवेश परीक्षा को मिलाकर वे दो परीक्षा का रूप दे रहे हैं जेईई और एआईईईई। लेकिन छात्रों को कई क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेजों और प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षा देनी होगी। इससे एक देश में एक परीक्षा के मिथक को फैलाने की कोशिश हो रही है। अब प्रस्तावित बदलावों के मुताबिक स्कूल बोर्ड की परीक्षा के अंकों को 50 फीसदी तवज्जो दी जाएगी ऐसे में कोचिंग संस्थानों ने स्कूल बोर्ड की तैयारी कराने के लिए संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी हैं। अब कोचिंग बाजार में और भी तेजी आएगी ताकि स्कूल बोर्ड के साथ ही जेईई (मुख्य) और जेईई (एडवांस) की तैयारी कराई जा सके।

**Dainik Jagran ND 05-Jun-12 p10**

# एकल परीक्षा पर अलग-अलग विचार

## आइआइटी समेत सभी केंद्रीय इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए एकल प्रवेश परीक्षा के फैसले के गुण-दोष का विश्लेषण कर रहे हैं डॉ. विशेष गुप्ता

**आइआइटी, एनआइटी,** ट्रिपल आइटी तथा दूसरे केंद्रीय तकनीकी शिक्षण संस्थानों की हाल ही में हुई बैठक में इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए 'एक देश-एक टेस्ट' पर सहमति बन गई है। 2013 से आइआइटी समेत सभी केंद्रीय इंजीनियरिंग संस्थानों में छात्रों को प्रवेश अब ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन यानी जेईई के माध्यम से ही मिलेगा। ढाई साल के लगातार प्रयासों के बाद इंजीनियरिंग की एकल प्रवेश परीक्षा के संशोधित प्रारूप पर जो सहमति बनी है उससे साफ है कि नए पैटर्न से संपन्न होने वाली इस प्रवेश परीक्षा में अब बारहवीं के बोर्ड के अंकों को भी खास भार प्रदान किया जाएगा। इस नई प्रवेश परीक्षा के फार्मूले को अपनाने के लिए गुजरात, महाराष्ट्र व हरियाणा राज्यों ने पूर्व में ही अपनी सहमति प्रदान कर दी है। नई प्रवेश परीक्षा तीन भागों में विभाजित की जाएगी। इसमें पहले स्तर पर बारहवीं की बोर्ड परीक्षा, दूसरे स्तर पर मेन टेस्ट तथा तीसरे स्तर पर एडवांस टेस्ट आयोजित किया जाएगा। बोर्ड और मेन टेस्ट की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले पचास हजार प्रतिभागियों के जेईई एडवांस टेस्ट में प्रदर्शन के आधार पर ही आइआइटी में प्रवेश के लिए मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। आइआइटी में प्रवेश के लिए बोर्ड परीक्षा के अंक तथा मेन टेस्ट के परिणाम प्रतिभागियों के लिए केवल स्क्रीनिंग का कार्य करेंगे, जबकि एडवांस टेस्ट मेरिट तय करने का कार्य करेगा। इस निर्णय से जुड़ी बैठक के बाद मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने कहा कि इस नए टेस्ट से न केवल संस्थानों को प्रतिभाशाली छात्र मिलेंगे, बल्कि बारहवीं बोर्ड की पढ़ाई के प्रति भी छात्रों का रुझान बढ़ेगा। उन्होंने यह भी आशा की है कि इससे कोचिंग फैक्ट्रियों पर भी लगाम लगेगी।

एकल प्रवेश परीक्षा की घोषणा होते ही इसके पक्ष व विपक्ष में विचार आने शुरू हो गए हैं। इसके पक्षधरों का कहना है कि अभी तक बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात छात्र को कई प्रवेश परीक्षाओं में बैठने का भारी दबाव रहता था। छात्र को पूर्व में अलग-अलग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करनी होती थी तथा परिणाम भी अलग-अलग समय आते थे। इससे उसके प्रवेश पर अनिश्चितता के बादल मंडराते रहते थे। ऐसा अनुमान है कि इस एक परीक्षा से छात्रों पर कई प्रवेश परीक्षाओं का बोझ स्वतः ही कम हो जाएगा। इस परीक्षा परिणाम के बाद छात्र को यह स्पष्ट हो जाएगा कि उसके पास प्रवेश के कौन-कौन से विकल्प हैं।



**गुणवत्ता का संकट**

> **◆आइआइटी संस्थानों से जुड़ा शिक्षक वर्ग भी चिंतित है कि आइआइटी की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने का फार्मूला कोचिंग संस्थानों ने तैयार कर लिया है**

दूसरी ओर इस एकल प्रवेश परीक्षा के मुद्दे पर कुछ आशंकाएं भी उभर कर सामने आ रही हैं। पहली दलील यह है कि आइआइटी अन्य तकनीकी संस्थानों से अलग है। इसलिए इन संस्थानों में प्रवेश के लिए छात्रों की योग्यता परखने का स्केल भी अलग ही होना चाहिए था। इस परीक्षा के विपक्ष में अपनी राय देने वाले विशेषज्ञों का मत है कि वर्तमान में आइआइटी में तोता रटंत पढ़ाई पर अधिक बल दिया जा रहा है। इससे आइआइटी जैसे संस्थानों में स्वतंत्र चिंतन का निरंतर अभाव हो रहा है। आइआइटी संस्थानों से जुड़ा शिक्षक वर्ग भी अब इस बात को लेकर चिंतित है कि आइआइटी की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने का फार्मूला कोचिंग संस्थानों ने तैयार कर लिया है। इसी कारण आइआइटी का यह शिक्षक वर्ग इस प्रवेश परीक्षा के ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन चाहता है। इन शिक्षकों का यह भी मत है कि इस नई प्रवेश परीक्षा के माध्यम से केवल वे ही छात्र चुने जाएंगे जो इस संयुक्त प्रवेश परीक्षा से गुजर कर आएंगे। एक अन्य आपत्ति बारहवीं कक्षा के अंकों को अधिक भार प्रदान करने को लेकर भी है। सीबीएससी बोर्ड और राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं में अंक देने का तरीका अलग-अलग है। सच यह है कि इस एकल प्रवेश परीक्षा से आइआइटी की स्वायत्तता कम होने की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। वह इसलिए, क्योंकि आइआइटी संस्थानों को अब श्रेष्ठ व प्रतिभावान छात्रों के प्रवेश के लिए अब इस प्रवेश परीक्षा के परिणामों पर ही निर्भर रहना पड़ेगा।

विगत एक डेढ़ दशक पूर्व से प्रवेश परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर जो कोचिंग व्यवस्था पहले पेशेवर होती थी वह अब धीरे-धीरे एक उद्योग के रूप में बदल गई। पिछले दिनों इंफोसिस जैसी साफ्टवेयर कंपनी के मानद चेयरमैन एनआर नारायणमूर्ति ने साफ कहा था कि देश में इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश पाने वाले छात्रों का स्तर लगातार गिर रहा है।

छह दशक पूर्व जब खड़गपुर में देश के पहले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की नींव रखी गई थी तब प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि यह संस्थान आधुनिक भारत की बुनियाद रखेगा। उसके बाद इन संस्थानों ने अपनी काबिलियत सिद्ध भी की, परंतु बाद में प्रवेश परीक्षा तथा अध्ययन स्तर में परंपरागत ढर्रे पर चलने के कारण आज वैश्विक स्तर की उच्च शिक्षा से जुड़ी रपट में ये संस्थान कुछ विदेशी संस्थानों के आगे नहीं ठहर पाते। कुछ महीने पहले केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने भी आइआइटी शिक्षकों के स्तर पर सवाल उठाते हुए कहा था कि ये संस्थान विश्व स्तरीय नहीं हैं। एकल प्रवेश परीक्षा को स्वीकृति के बाद इन संस्थानों से जुड़े अनेक विशेषज्ञ स्वयं को अलग-थलग व ठगा सा महसूस कर रहे हैं। आइआइटी के पूर्व छात्र व लेखक चेतन भगत से लेकर इन संस्थानों की एल्यूमिनी एसोसिएशन, फैकेल्टी फेडरेशन तथा इनके निदेशकों का स्पष्ट मत है कि प्रवेश परीक्षा के इस नए प्रारूप से छात्रों की कोचिंग संस्थानों पर निर्भरता और बढ़ेगी। लिहाजा इन सभी ने इस नए प्रारूप के खिलाफ विधिक कार्यवाही करने का मन बनाया है। पुरानी प्रवेश परीक्षा की तुलना में इस एकल परीक्षा से कितनी गुणवत्ता बढ़ेगी, यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इतना जरूर है कि प्रवेश परीक्षा का यह नया प्रारूप कई आशंकाओं के बीच जरूर घिर गया है।

***(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)***

***response@jagran.com***

# Rashtriya Sahara ND 5/06/2012

P-9

# संयुक्त प्रवेश परीक्षा के विरोध में उतरे आईआईटी शिक्षक और पूर्व छात्र

ज्ञानेंद्र सिंह/एसएनबी

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग कालेजों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा के फैसले का विरोध अब थमता नजर नहीं आ रहा है। सरकार के फैसले के खिलाफ आईआईटी के शिक्षकों के साथ पूर्व छात्र भी शामिल हो गए है। पूर्व छात्रों ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से इस मामले पर हस्तक्षेप कर आईआईटी की विश्वव्यापी गरिमा को बचाने की मांग की है। विरोध को शांत करने के लिए आईआईटी काउंसिल की बैठक भी बुलाई गई है।

▶ पूर्व छात्र प्रधानमंत्री से करेंगे हस्तक्षेप की मांग

▶ बढ़ते विरोध के मद्देनजर 8 जून को बुलाई गई आईआईटी काउंसिल की बैठक

उल्लेखनीय है कि एक राष्ट्र एक परीक्षा के नाम पर अगले वर्ष से इंजीनियरिंग स्नातक के लिए पूरे देश में एक ही प्रवेश परीक्षा होगी और इस परीक्षा का तरीका भी बदल दिया गया है। नई प्रणाली के तहत अब छात्र के 12वीं परीक्षा के प्राप्तांकों को भी 40 फीसद तक महत्व दिया जाएगा और अग्रिम व मुख्य परीक्षा 30-30 फीसद अंकों की होगी। हालांकि इस काम को लेकर पिछले वर्ष से काम चल रहा था, मगर जब संयुक्त प्रवेश परीक्षा का तरीका सार्वजनिक हुआ तब आईआईटी ने विरोध करना शुरू कर दिया। आल इंडिया आईआईटी फैकल्टी फेडरेशन ने मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल से साफ शब्दों में कह दिया है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा के फैसले पर फिर से विचार किया जाए और आम राय के बाद ही इसे 2013 के बजाय 2014 से लागू किया जाए। आईआईटी के पूर्व छात्रों के संघ ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने का फैसला लिया है जिसमें वे मांग करेंगे कि आईआईटी की प्रवेश परीक्षा प्रणाली से कोई छेड़छाड़ न की जाए। इन छात्रों ने अदालत का भी दरवाजा खटखटाने की धमकी दी है।

उधर आईआईटी कानपुर ने तो आईआईटी काउंसिल को यह तक कह दिया है कि यदि सरकार ने यह फैसला वापस न लिया तो कानपुर में अलग से प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। कुल मिलाकर विरोध को शांत करने के लिए आईआईटी काउंसिल को सक्रिय कर दिया गया है और 8 जून को बैठक भी प्रस्तावित है जिसमें संयुक्त प्रवेश परीक्षा को सन 2013 से ही कराने पर जोर दिया जाएगा, क्योंकि सिब्बल ने अपना रुख पहले ही साफ कर दिया है कि इंजीनियरिंग के लिए 2013 में एक ही प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी।

Pioneer , ND 5/06/2012 P-1

# In new IIT-BHU no quotas in coming session

**DEEPAK KUMAR JHA**
NEW DELHI



**This will not happen until the President gives assent to the Bill passed by Parliament. There's every likelihood that the reservation quota will be applicable only from the next academic session**
**— HRD Ministry official**

Students selected in JEE-2012 belonging to the reserved categories will not be able to avail the quota benefit for admissions to IIT-BHU this year. For, the Institutes of Technology (Amendment) Bill passed by the Parliament is yet to have the Presidential assent even as the counselling process for admissions has started. The Bill envisages upgradation of IT-BHU into a full-fledged IIT.

Though the Centre's reservation policy will be applicable to all other IITs and Centrally-funded institutes, in case of IIT-BHU the admissions this year will be based on general merit list.

The Lok Sabha had passed the Bill last year, but the Rajya Sabha did so only on April 30, 2012 after much debate.

IT-BHU was not governed by the reservation policy of the Central Government, but with the Parliament ratifying its upgradation as a full-fledged IIT the Government's reservation policy was to be applicable for admissions to the institute, starting this year.

"But this will not happen until the President gives assent to the Bill passed by the Parliament. There's every likelihood that the reservation quota will be applicable only from the next academic session in the institute," said a senior HRD Ministry official.

The reason behind President Pratibha Patil not giving her assent so far could not be ascertained.

Of the eight new IITs, the setting up of which too was part of the Bill's provisions, six commenced their first semester and first academic session in 2008-09. The remaining two started their sessions in 2009-10.

As things stand, the Centre's quota muddle has already hit over 300 students. With the Andhra Pradesh High Court recently striking down the UPA Government's 4.5 per cent reservation for minorities within the OBC quota, the IITs immediately announced that 325 students already shortlisted under the minority sub-quota will not benefit from it anymore. They, however, said they can avail chances of securing a seat in the IITs by registering their choices for course and institute accordingly.

At present, the Government is exploring the legal options to challenge the Andhra Pradesh High Court's verdict in the Supreme Court.

# CBSE posts AIEEE test papers, omits answer keys

**Chetan Chauhan**
chetan@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Around 11 lakh students across India were able to view their engineering test answer sheets on Monday, but were unable to verify if their answers were correct.

The CBSE, for the first time, posted the optical reading sheets (ORS) of students who appeared for the All India Engineering Entrance Examination (AIEEE) online. The AIEEE is the entrance test for most engineering institutes in the country, with the exception of the IITs.

The CBSE move came after the IITs, in May, placed the ORS on its website for students to evaluate their performance. However, unlike IITs, the CBSE did not post answer keys online, preventing students from evaluating their performance.

**THE CBSE MOVE CAME AFTER THE IITs, IN MAY, PLACED THE ORS ON ITS WEBSITE FOR STUDENTS**

As compared to just five lakh students who appeared for the IIT Joint Entrance Examination (JEE), around 11 lakh appeared for AIEEE. Placing the ORS of so many students took a lot of space on the board's server.

Nevertheless, placing answer keys — even provisional ones — would have helped students gauge their performance. Answer keys help ascertain the correctness of the question papers. The IITs had admitted to including four wrong questions in the JEE test this year after the answer keys were posted online.

Besides this, the CBSE refrained from placing the previous year's question papers — with answers keys — in the public domain. This has increased the students' dependence on coaching centres, even though the government has been trying to ensure that entrance tests evaluate students on the basis of their educational skills.

# आज होगी शिक्षा मंत्रियों की शिक्षा सुधार पर बैठक

**नई दिल्ली** ■ समाचार डेस्क
शिक्षा में आमूलचूल सुधार कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के संबंध में विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में साझा प्रवेश परीक्षा, सर्व शिक्षा अभियान, माध्यमिक शिक्षा अभियान, व्यवसायिक शिक्षा कार्यक्रम, सामुदायिक कालेज, शिक्षकों की कमी जैसे विषयों पर चर्चा के लिए पांच जून को राज्य के शिक्षा मंत्रियों की बेठक आयोजित की जा रही है।



मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि पांच जून को राज्य के शिक्षा मंत्रियों की बैठक होगी, जिसमें विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में साझा प्रवेश परीक्षा और राष्ट्रीय व्यवसायिक शिक्षा पात्रता ढांचा (एनवीईक्यूएफ) एजेंडे में प्रमुख विषय होंगे। गोरतलब है कि कुछ दिन पहले ही आईआईटी, एनआईटी की संयुक्त बेठक के बाद 2013 से साझा इंजीनियरिंग प्रवेश आयोजित किए जाने पर सहमति बनी है।

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय के मुताबिक, इस बैठक में विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में साझा प्रवेश परीक्षा और राष्ट्रीय व्यवसायिक शिक्षा पात्रता ढांचा (एनवीईक्यूएफ) एजेंडे में प्रमुख विषय होंगे।**

अधिकारी ने बताया कि सरकार नौवीं कक्षा से स्कूलो में व्यवसायिक शिक्षा लागू करना चाहती है। इस उद्देश्य से पिछले कुछ समय से राष्ट्रीय व्यवसायिक शिक्षा पात्रता ढांचा लागू करने के बारे में राज्यों से विचार विर्मश किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में बिहार के मानव संसाधन विकास मंत्री पीके शाही के नेतृत्व में राज्यो के शिक्षा मंत्रियों की एक समिति बनाई गई थी। समिति ने व्यवसायिक शिक्षा के संबंध में अपनी रिपोर्ट सौंप दी है और इसे स्वीकार कर लिया गया है। अब इसे 2013 से लागू किए जाने के संबंध में रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा।

पिछली बैठक में कुछ राज्यों के शिक्षा मंत्रियों ने राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन के वित्त पोषण अनुपात को राज्यों के पक्ष में करने का आग्रह किया था। सिब्बल ने हालांकि कहा था कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच वित्तपोषण का अनुपात 75:25 जारी रहेगा।

राज्यों के शिक्षा मंत्रियों की बेठक में यह विषय फिर उठ सकता है।

स्कूलों एवं कालेजों में जरूरत के अनुरूप दक्ष शिक्षकों की तेनाती अभी भी सबसे बड़ी चुनोती है। शिक्षा मंत्रियों की बेठक में इस पर विस्तार से चर्चा होगी। अधिकारी ने बताया कि देश के विभिन्न इलाकों में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकंर समुदायिक कालेज स्थापित करने की योजना पर चर्चा होगी। सरकार 2013 तक देश में 100 सामुदायिक कालेज स्थापित करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि इसके साथ छह से 14 वर्ष के बच्चों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार कानून पर विशेष रूप से चर्चा होगी और इसकी प्रगति की समीक्षा करने के साथ और प्रभावी ढंग से अमल करने का खांका तैयार किया जाएगा।

अधिकारी ने बताया कि देश के विभिन्न इलाकों में शिक्षकों, स्कूलों में कक्षा एवं अन्य आधारभूत संरचना की कमी के विषय पर भी बैठक में चर्चा हो सकती है।